# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर

क्रमांक : परीक्षा–I/खण्ड......................। दिनांक...........................

प्रेषित

समस्त मान्यता प्राप्त शाला प्रधान
उच्च माध्यमिक/वरिष्ठ उपाध्याय/माध्यमिक/प्रवेशिका

***विषय : वर्ष 2014 की परीक्षाओं के आवेदन–पत्र भेजने संबंधी निर्देश।***

महोदय,

आपको वर्ष 2014 के परीक्षार्थ आवेदन–पत्र सीधे बोर्ड कार्यालय को नहीं भेजने हैं। आवेदन–पत्र जमा कराने हेतु प्रत्येक जिले में परीक्षा नोडल केन्द्र खोले गये हैं। आपको निर्धारित तिथि तक भरे हुए आवेदन–पत्र, अग्रेषण सूची शुल्क विवरण सहित आपके विद्यालय के निकटतम नोडल केन्द्र पर कर्मचारी भेजकर जमा कराने अनिवार्य हैं। कृपया निम्न व्यवस्थाओं का ध्यान रखें :–

**1. नियमित परीक्षार्थियों के लिये**

(अ) नियमित परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन–पत्र सामान्य शुल्क तथा एक अतिरिक्त परीक्षा शुल्क की तिथियों मे ही स्वीकार होंगे।

(ब) नियमित परीक्षार्थियों के आवेदन–पत्र स्वीकार करने, शुल्क जमा करवाने का विवरण एवं नोडल केन्द्र पर जमा करवाने की अन्तिम तिथियां परीक्षा प्रपत्र 33 में दी गई हैं। कृपया परीक्षा प्रपत्र–33 का अध्ययन भली–भांति अवश्य कर लें। निर्धारित दिनांक के बाद के परीक्षा शुल्क एवं आवेदन–पत्र स्वीकार नहीं होंगे।

**2. स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के लिये**

(अ) स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के आवेदन–पत्र वे विद्यालय ही अग्रेषित कर सकते हैं जिन्हें इस हेतु अधिकृत किया गया है तथा जिन्हें बोर्ड से अग्रेषण अधिकारी प्रपत्र–34 एवं स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के आवेदन पत्र भेजे गये हैं। अन्य कोई भी विद्यालय स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के आवेदन–पत्र अग्रेषित नहीं करें। (कृपया देखें परीक्षा प्रपत्र–34)

(ब) स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के आवेदन–पत्र स्वीकार करने, परीक्षा शुल्क भिजवाने की व्यवस्था एवं नोडल केन्द्र पर जमा करवाने की अन्तिम तिथियां परीक्षा प्रपत्र 34 में दी गई हैं। प्रपत्र 34 का अध्ययन भली–भांति अवश्य कर लें।

**आवश्यक निर्देश :–**

1. प्रत्येक तिथि विगत होने के बाद उस तिथि तक प्राप्त सभी आवेदन–पत्रों के शुल्क एक साथ भिजवायें।
2. सामान्य परीक्षा शुल्क के आवेदन–पत्र निर्धारित नोडल केन्द्र पर जमा कराने की तिथि के पश्चात् यदि जमा कराते हैं तो एक अतिरिक्त परीक्षा शुल्क (प्रति आवेदन–पत्र) के साथ अतिरिक्त परीक्षा शुल्क की तिथि तक जमा कराये जा सकते हैं। **इस तिथि के पश्चात् नियमित परीक्षार्थियों के कोई आवेदन–पत्र नोडल केन्द्र पर जमा नहीं किया जायेगा।**

इसी प्रकार यदि कोई अग्रेषण अधिकारी सामान्य परीक्षा शुल्क के स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के आवेदन–पत्र व सामान्य शुल्क के आवेदन–पत्र जमा कराने की तिथि के पश्चात् लेकर आता है तो एक अतिरिक्त परीक्षा शुल्क (प्रति आवेदन–पत्र) के साथ एक अतिरिक्त परीक्षा शुल्क की तिथि तक जमा कराये जा सकते हैं।

3. नोडल केन्द्रों पर आवेदन–पत्र निर्धारित अन्तिम तिथियों तक ही स्वीकार किये जायेंगे। **नोडल केन्द्र पर आवेदन–पत्र जमा कराते समय अग्रेषण सूची एवम् परीक्षा शुल्क का विवरण आवेदन–पत्रों के साथ टैग करें।**

4. नियमित परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन–पत्र सामान्य परीक्षा शुल्क एवं एक अतिरिक्त परीक्षा शुल्क की तिथियों में ही स्वीकार किये जावेंगे। **नियमित परीक्षार्थियों हेतु असाधारण शुल्क के द्वारा आवेदन–पत्र भरने की व्यवस्था समाप्त कर दी गई है।** स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के लिये एवं पूरक परीक्षा से उत्तीर्ण / अनुत्तीर्ण छात्रों के लिये ही असाधारण शुल्क की तिथियां रखी गई हैं।

5. **बोर्ड में डाक द्वारा आवेदन–पत्र / परीक्षा शुल्क का ड्राफ्ट स्वीकार नहीं किया जायेगा। इन्हें निर्धारित नोडल केन्द्र पर ही निर्धारित तिथियों को जमा कराना अनिवार्य है।** यदि कोई विद्यालय आवेदन–पत्र डाक द्वारा भेजेगा तो अस्वीकार माना जायेगा तथा परीक्षार्थी परीक्षा में प्रविष्ट नहीं होंगे जिसकी समस्त जिम्मेदारी शाला प्रधान की होगी। इसे भली–भांति नोट कर लें।
6. नव क्रमोन्नत विद्यालय जिनका नाम ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र भरने की सूची में नहीं है, को नमूने के रिक्त आवेदन पत्र बोर्ड से भेजे जायेंगे। उनकी फोटो प्रति करवा कर परीक्षार्थियों के आवेदन पत्र भरवायें तथा परीक्षा शुल्क के ड्राफ्ट निर्धारित तिथियों में बैंक में जमा करावें। इसके पश्चात विद्यालय निकटतम नोडल केन्द्र पर आवेदन पत्रों एवं परीक्षा शुल्क के ड्राफ्ट को जमा करवायेंगे।
7. रिक्त आवेदन पत्र विद्यालयों को सीधे भेजने की व्यवस्था समाप्त कर दी गई है। नमूने के आवेदन पत्र ID/Passward का लिफाफा व अन्य आवश्यक प्रपत्र नोडल केन्द्र को बोर्ड वाहनों से प्रषित किये जायेंगे। जिन्हें आपके लिये निर्धारित नोडल केन्द्र से प्राप्त करना सुनिश्चित करावें। किसी भी परिस्थिति में परीक्षा आवेदन–पत्र दुबारा बोर्ड से प्रेषित नहीं किये जावेंगे। नमूने के आवेदन पत्रों की फोटो प्रति काम में ली जा सकती है।
8. **परीक्षा शुल्क जमा कराने वाले प्रत्येक परीक्षार्थी को शाला द्वारा रसीद दिया जाना अनिवार्य हैं** तथा इसका समस्त रिकार्ड सुरक्षित रखा जावे ताकि बोर्ड द्वारा चाहे जाने पर उपलब्ध कराया जा सके।
9. जिन परीक्षार्थियों के आवेदन–पत्रों को नोडल केन्द्र पर जमा कराया जाना है उनके लिये आवेदन–पत्र एवं परीक्षा शुल्क का विवरण प्रपत्र–127/128 को तीन प्रतियों में बनायें जिनमें से एक प्रति पर नोडल केन्द्र से रसीद प्राप्त कर आप अपने पास कार्यालय प्रति के रूप में रख लें तथा शेष दो प्रतियां नोडल केन्द्र पर आवेदन–पत्रों का बण्डल बनाकर एवं परीक्षा शुल्क विवरण पत्र व अग्रेषण सूचियों का लिफाफा बनाकर एक साथ जमा करा दें। परीक्षा शुल्क विवरण, अग्रेषण सूचियां आवेदन–पत्रों के बण्डल में रखें ।
10. आप निर्धारित नोडल केन्द्र पर आवेदन–पत्र जमा करायें। आपको अतिरिक्त शुल्क व असाधारण शुल्क के आवेदन–पत्र भी उसी नोडल केन्द्र पर जमा कराने हैं (इसे अति आवश्यक समझें)।
11. **नोडल केन्द्र पर आवेदन–पत्र जमा कराने की निश्चित की गई तिथियों को विद्यालय से कर्मचारी नोडल केन्द्र पर भेजकर आवेदन–पत्र, चालान व अग्रेषण सूचियां जमा कराना अनिवार्य है। इस हेतु यात्रा करने वाले व्यक्ति को वाहन व्यय अग्रेषण शुल्क की राशि में से देय होगा। आवेदन–पत्र,**

**परीक्षा शुल्क का ड्राफ्ट डाक द्वारा बिलकुल नहीं भेजें ये स्वीकार नहीं होंगे।** इन्हें विद्यालय के कर्मचारी को निर्धारित तिथि को नोडल केन्द्र पर भेजकर ही जमा कराना अनिवार्य है जो इनकी रसीद नोडल केन्द्र से प्राप्त करेगा। एक ही विद्यालय के माध्यमिक/उच्च माध्यमिक आवेदन–पत्र एक साथ प्राप्त करें व एक साथ निर्धारित तिथि पर जमा करावें यदि आवेदन करने की तिथि अलग है। तो अलग से जमा करावें।

12. इस वर्ष से स्वअध्ययन हेतु शुल्क लेने का प्रावधान किया गया है। जिसके लिये परिशिष्ट–6 बिन्दु–9 देखें। यदि आपने किसी परिक्षार्थी को ऐसे विषय में प्रवेश दिया है जिसकी आपको मान्यता नहीं है तो र्निधारित शुल्क बोर्ड को भेज कर स्वअध्ययन की अनुमति अवश्य प्राप्त कर लें अन्यथा परीक्षा आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जायेगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी शाला प्रधान की होगी।
13. उपरोक्त निर्देश/व्यवस्था में किसी भी प्रकार के संशोधन की सूचना राज्य स्तरीय समाचार पत्रों के माध्यम से दी जायेगी। कृपया समाचार–पत्र देखते रहें।
14. अन्य जानकारी के लिये बोर्ड कन्ट्रोल रूम से सम्पर्क करें।

संलग्न : प्रपत्र संख्या – 33, 34, 127 व 128 संलग्न कर प्रेषित किये जा रहे हैं।

**सचिव**

## –: सम्पर्क सूत्र :–

बोर्ड कन्ट्रोल रूम नं.

| पदनाम | नाम | फोन नं. कार्यालय |
|---|---|---|
| सचिव | श्री एम. आर. शर्मा | 0145–2420597 |
| मुख्य नियंत्रक (परीक्षा) | श्री आर. बी. गुप्ता | 0145–2420071 |
| उप निदेशक (परीक्षा) | श्री शिव शंकर अग्रवाल | 94147–08865 |